IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)

An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

# स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स विद्यार्थियों के राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक अध्ययन

शोधार्थी
सरोज पटेल
हेमचंद यादव वि.वि.
दुर्ग (छ.ग.)

शोध निर्देशक
डॉ. आभा दुबे
सहायक प्राध्यापक
(शिक्षा संकाय)
सांदीपनी एकेडमी अछोटी,
मुरमुंदा, दुर्ग (छ.ग.)

स्हशोध निर्देशक
डॉ. ' शबाना
सहायक प्राध्यापक
(शिक्षा संकाय)
कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
भिलाई नगर (छ.ग.)

## सारांश

इस अध्ययन का उद्देश्य स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स विद्यार्थियों के राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक अध्ययन करना है। अध्ययन के लिए 400 विद्यार्थियों को लिया गया है जिसमें 200 स्काउट्स एवं गाइड्स तथा 200 गैर स्काउट्स एवं गाइड्स विद्यार्थियों को लिया गया है। अध्ययन में लिंग एवं क्षेत्र को लिया गया है। प्रस्तुत अनुसंधान में सर्वेक्षण अनुसंधान प्रविधि का उपयोग किया है। राष्ट्रीयता की भावना मापन के लिए डॉं. ज्योति शिवालकर एंव डा. वृन्दा जोगलकर द्वारा निर्मित राष्ट्रीयता की भावना मापनी (VSN-RSJ) का प्रयोग किया गया है। इस परीक्षण में 52 प्रश्न है। शोध कार्य में प्राप्त आकड़ों एवं परिकल्पना की जांच हेतु टी मूल्य का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना, गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायी गयी। स्काउटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों में बौध्दिक, संवेगात्मक, सामाजिक परिपक्वता, व्यक्त्वि विकास, आत्म सम्प्रत्यय, आध्यात्मिक, एक अच्छे चरित्र का विकास एवं राष्ट्रीय भावना का विकास किया जा सकता है। स्काउटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत होगी, जिससे हमारा समाज राष्ट्र उन्नति की ओर अग्रसर होगा।

## प्रस्तावना

"किसी भी राष्ट्र की उन्नती का मूल आधार शिक्षा होती है। शिक्षा के अभाव में व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास असम्भव है। शिक्षा का अर्थ मनुष्य को केवल शिक्षित करना ही नहीं है बल्कि उनका सम्पूर्ण विकास कर मनुष्य को एक कुशल नागरिक बनाना है। जिससे व्यक्ति अपने सम्पूर्ण जीवन में अपना दायित्व एवं कर्तव्यों को सफलता पूर्वक निभा सकें। स्काउट्स एवं गाइड्स एक ऐसी संस्था है जो व्यक्तियों को अपने राष्ट्र के प्रति दायित्वों एवं कर्तव्यों का पूरा करने में सहायता करती है। स्काउट्स एवं गाइड्स आत्म अनुशासन समाज सेवा और देशभक्ति के मूल्यों का पैदा करने के माध्यम से युवा लोगों के चरित्र का निर्माण करने के लिए एक स्वैच्छिक और शैक्षिक आन्दोलन है। स्काउट्स एवं गाइड्स एक श्रेष्ठ शैक्षिक आन्दोलन है जो अच्छे नागरिकों की उपलब्धि के प्रति उनके पूर्ण व्यक्तित्व विकास शारीरिक, आध्यात्मिक, मानसिक, सामाजिक, आत्म सम्प्रत्यय आत्म अनुशासन, राष्ट्रभाषा और समुदाय एवं विश्वबन्धुत्व की भलाई के लिए जाति, धर्म, क्षेत्र, रंग व भाषा और पार्टी राजनीति के विचारों से ऊपर उठने भक्ति की भावना के साथ काम करने वाले अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षण देती है। स्काउटिंग एक उद्देश्य के साथ मनोरंजक गतिविधि है जो लडकों और लडकियों को खुश रहकर स्वस्थ और उपयोगी नागरिक बनने में मदद करतो है। स्काउटिंग ऐसी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है जो स्कूली शिक्षा और परिवार दोनों में ही नहों हो पाई हो। स्काउटिंग आत्मज्ञान विकसित करती ह तथा कक्षा से बाहर की दुनिया के बारे में जानने उसे खोजने जीवन कौशल सीखने तथा बेहतर और उपयोगी नागरिक बनने का अवसर प्रदान करती है।" (भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, 2023)

"स्काउट्स एवं गाइड्स देश की एक ऐसी संस्था है जो बच्चों और किशोरों को रचनात्मक दिशा देने उनके बीच समाज सेवा और परोपकार की भावना बढाने और देश सेवा के लिए तैयार करने के लिए समर्पित होकर कार्य करना सिखाती है। स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चे मनोवैज्ञानिक रूप से अधिक सशक्तक, अनुशासनप्रिय और सृजनात्मक व्यक्तित्व के स्वामी बनते है। "(अवस्थी,ए,2013,पृ.सं.5) स्काउटस एवं गाइडस संस्था द्वारा बच्चों में अनुशासन पैदा करने के साथ–साथ उन्हें समाज सेवा से जोडने के लिए निरंतर प्रयास किया जाता है। युवाओं में देशभक्ति, देशसेवा, शौर्य तथा जनसेवा की जागरूकता जगाने में भारत स्काउटस एवं गाइडस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस संस्था द्वारा शिविरों के माध्यम से विभिन्न प्रान्तों के बच्चों को निकट लाने तथा उनमें आपसी समन्वय स्थापित करने में अहम् योगदान दिया जाता है। जिससे हमारी राष्ट्रीय एकता को बल मिलता है। "सेवा की भावना हो तो एक दूसरे के लिए प्रम और अपनापन स्वमेव हो जाता है। किन्तु सेवा की प्रेरणा मिलती रहे, इसके लिए बेहद जरूरी है कि, हमारे पास रचनात्मक एवं सकारात्मक विचार हो, उनके प्रति झुकाव हो इस तरह की भावाना जगाने के लिए हमें स्काउट गाइड संस्था सहायता दे सकती है।" (अवस्थी,ए,2013,पृ.सं.11) "एक बच्चे के जीवन को सकारात्मक दिशा देने व उसके व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के लिए स्काउटिंग एक श्रेष्ठ माध्यम है जो कि सुनागरिकता का पाठशाला है, अनुशासन की कार्यशाला है, स्वास्थ्य का प्रशिक्षण है, स्वावलम्बन का संर्वधन है, प्रतिभा व कौशल का प्रदर्शन है, नेतृत्व क्षमता, सेवा, खाली समय का सदुपयोग आनन्द दायक खेल है, पाठ्य सहगामी किया कलाप है, प्रकृति से तदात्मकता है और भाईचारा व विश्वबन्धुत्व का वातावरण है।"(साहू,एल.डी.2016,पृ.सं.7) समाज के विकास में भागीदारी, दूसरों के प्रति आदरभाव रखना एवं प्रकृति के प्रतिनिष्ठा, स्थानीय, राष्ट्रीय, अर्न्तराष्ट्रीय शान्ति, समझ और सहयोग की वृद्धि करना स्काउट गाइड संस्था का कार्य है, स्काउटिंग से व्यक्तियों में सामाजिक परिपक्वता का विकास होता है। व्यक्तिगत उत्तरदायित्व के भाव को विकसित करना और नैतिक एवं चारित्रिक शुद्धता, आत्म अनुशासन हेतु स्काउटिंग धर्म एवं ईश्वर में आस्था उत्पन्न कराने का कार्य करती है। इसके लिए भजन, प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना जैसे आयोजनों को पाठ्यकम में प्रमुखता से शामिल किया जाता है।

## स्काउटिंग गाइडिंग

"स्काउट्स एवं गाइड्स जीवन के लिए शिक्षा है। स्काउट्स एवं गाइड्स परिवार एवं विद्यालय का पूरक है तथा उन सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है, जिनकी दोनों के द्वारा पूर्ति नहीं की जाती है। स्काउटिंग ज्ञान वृद्धि, अन्वेषण तथा जिज्ञासा का विकास करती है। स्काउटिंग कक्षा–कक्ष से दूर विश्व को खोजती है अन्य लोगों से उनकी दक्षता को सिखता है और उस ज्ञान को दूसरों को बाँटता है। स्काउटिंग एक आन्दोलन है । स्काउटिंग गाइडिंग बालकों को अच्छा नागरिक बनने के लिए एक प्रकार की अनौपचारिक शिक्षण योजना है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बालक/बालिका को शारीरिक रूप से मजबूत, मानसिक रूप से जागरूक तथा नैतिक रूप से सुदृढ बनाना है। बालक बालिका का सर्वांगीण विकास ही इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है। इसमें शिक्षा का मूल आधार प्रेम एवं सहानुभूति है, जिसमें अच्छी–अच्छी बाते हंसी–हंसी और खेल–खेल में सिखायी जाती है। इसमें स्वास्थ्य, स्वावलम्बन व सदाचार पर विशेष बल दिया जाता है। स्काउट गाइड जो अपना प्रशिक्षण योजनानुसार प्राप्त कर लेते है वह उन सभी गुणों से सम्पन्न होते ह जो देश के एक अच्छे व शिष्ट नागरिक में होने चाहिए। स्काउटिंग गाइडिंग मात्र कक्षागत अभ्यास ही नहीं अपितु एक बाहरी कियाशील जीवन का ज्ञान भ्रमण द्वारा अर्जित करने का अवसर प्रदान करता है। खुले वातावरण और प्रकृति के विशाल प्रांगण में ही स्काउटिंग गाइडिंग के अभ्यास होते है।"(सती,जी.डी.2019,पृ. सं.1–2)

## राष्ट्रीय भावना

"प्रत्येक राष्ट्र की उन्नति अथवा अवनति इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिकों में राष्ट्रीय भावना किस सीमा तक विकसित हुई है। यदि नागरिक राष्ट्रीयता की भावना से ओत–प्रोत है तो राष्ट्र उन्नति के शिखर पर चढ़ता रहेगा। राष्ट्र को सबल तथा सफल बनाने के लिए नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित करना परम आवश्यक है। राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने क लिए शिक्षा की आवश्यकता है। राष्ट्रीयता की राष्ट्र की संस्कृति का संरक्षण, विकास तथा हस्तांतरण करती है। राष्ट्रीयता की शिक्षा राष्ट्र के द्वारा राष्ट्र के सभी नागरिकों में आत्म–त्याग की भावना विकसित हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी सभी स्वार्थपूर्ण भावनाएं समाप्त हो जाती है तथा वे अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करते है। इससे राष्ट्र सुखी, उन्नतिशील तथा शक्तिशाली बन पाता है।"(सक्सेना,एन.आर.2010,पृ.सं.926–927) राष्ट्रीयता एक ऐसी भावना है जो भौगोलिक सामाजिक या आर्थिक कारणों से प्रबल हो उठती है, जब हृदयों में एकता की भावना को जन्म देती है, उसे राष्ट्रीयता कहते है। राष्ट्र की प्राण राष्ट्रीयता है। राष्ट्रीयता की भावना राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति को एकता के सूत्र में बांधती है। युवा राष्ट्र की रीढ है, उनके बल पर ही राष्ट्र की प्रगति तथा समाज की खुशहाली निर्भर है। आज कुशल राष्ट्र भक्त और अनुशासित युवाओं की अधिक जरूरत है। एकता, अखण्डता, भाई–चारे, प्रेम तथा सौहाद्रपूर्ण वातावरण में ही किसी राष्ट्र विकास की परिकल्पना की जा सकती है, राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना ही तो राष्ट्रीयता की भावना है। किसी भी विकासशील राष्ट्र को आगे बढाने के लिए राष्ट्रीयता की भावना एक ऐसा सोपान है, जिसके जरिए राष्ट्र विकास के अन्तिम पड़ाव तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उसका नागरिक अपने भीतर राष्ट्रवाद की भावना को जीवित रखे। अपने नागरिकों में देश के लिए राष्ट्रीयता की भावना और प्रेम की भावना के विकास के महत्व को देखते हुए विश्व में हर सरकार को अनिवार्य रूप से अपने राष्ट्रीय त्यौहारों का आयोजन करवाना चाहिए। किसी भी राष्ट्र की प्रगति काफी हद तक उनके नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना निर्भर करती है, जो विभिन्न धर्मों, जातियों या सामाजिक तथ्यों से अलग होने के बावजूद सभी नागरिकों को एक साथ बांधने की एक महत्वपूर्ण भावना है।

प्रोक्टर (2009) ने अध्ययन के निष्कर्ष पाया कि स्काउटिंग कार्यक्रम में सकिय सहभागिता से छात्र–छात्रों में आत्म विश्वास, सामाजिक नियमों के प्रति आदर, सामुदायिक सेवा तथा स्व सामर्थ्य जैसे गुणों का पूर्ण विकास होता है। मिसलिया एवं मांडा(2016)ने अध्ययन से प्राप्त परिणामों के अनुसार जूनियर स्कूल में स्काउट्स कार्यकमों के लिए पर्याप्त अधोसंरचना नहीं थी। स्काउट लीडर तथा विद्यार्थियों की अनुपात भी बहुत ज्यादा था। विश्लेषण के अनुसार प्रथम उपचार कैंपिंग, मैपिंग तथा रिमिंग जैसी स्काउट गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्म विश्वास परिस्थितियों से सांमजस्य बढाने की क्षमता सृजनशीलता अनुशासन देशप्रेम तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढाया जा सकता है। सिंह(2018) ने

अध्ययन के निष्कर्ष पाया कि स्काउट्स गाइड्स के विद्यार्थियों में सामान्य सामाजिक दायित्व की भावना अधिक पायी गयी। गुरूराज(2023)ने अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग कार्यक्रमों का प्रभाव माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के बीच नेतृत्व कौशल तथा सामाजिक क्षमता विकसित करनेमें सार्थक रूप से पाया जाता है। लॉटन स्टीफन बी(1993) ने अध्ययन के निष्कर्ष में पाया कि वर्तमान परिवेश के आधार पर युवा एक स्थिति को चुनते है और वर्तमान स्थिति के अनुसार जीवन यापन करते है। श्रीवास्तव(2014) ने निष्कर्ष में पाया कि महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के राष्ट्रीय एकता एवं नेतृत्व क्षमता के मध्य धनात्मक सह संबंध पाया गया। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के राष्ट्रीय एकता एवं मूल्यों के मध्य सार्थक संबंध नहीं पाया गया।

## उद्देश्य

1. स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स विद्यार्थियों के राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स विद्यार्थियों के राष्ट्रीय भावना का लिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स विद्यार्थियों के राष्ट्रीय भावना का क्षेत्र के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करना।

## परिकल्पना

$H_{0d1}$ स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायगा ।

$H_{0d2}$ शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

$H_{0d3}$ ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रोय भावना म कोई ॅ सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

$H_{0d4}$ स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों के बीच राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

$H_{0d5}$ स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं के बीच राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

## शोध विधि :– प्रस्तुत अनुसंधान में सर्वेक्षण अनुसंधान प्रविधि का उपयोग किया है।

## चरों का विवरणः– स्वतंत्र चरः– स्काउट्स गाइड्स, गैर स्काउट्स गाइड्स

## परतंत्र चरः– राष्ट्रीय भावना

## जनसंख्या व न्यादर्श–

प्रस्तुत अनुसंधान में विद्यार्थियों का चयन स्तरीकृत यादृच्छिक न्यादर्श प्रविधि के द्वारा उनके लिंग, क्षेत्र एवं प्रशिक्षण के आधार पर किया गया है।न्यादर्श में रायपुर जिले के धरसींवा विकासखण्ड एवं महासमुंद जिले के बसना विकासखण्ड के 13 से 17 वर्ष के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का चयन किया गया है। न्यादर्श चयन के लिए स्तरीकृत गैर अनुपातिक न्यादर्श विधि का प्रयोग किया। कुल 400 विद्यार्थियों का स्तरीकृत गैर अनुपातिक न्यादर्श विधि द्वारा चयन किया गया है। न्यादर्श के चयन का आधार लिंग, क्षेत्र एवं प्रशिक्षण के आधार पर किया गया है।

## उपकरण

प्रस्तुत शोध शोध में राष्ट्रीयता की भावना मापन के लिए डॉं. ज्योति शिवालकर एंव डा. वृन्दा जोगलकर द्वारा निर्मित राष्ट्रीयता की भावना मापनी (VSN-RSJ) का प्रयोग किया गया है। इस परीक्षण में 52 प्रश्न है। इस परीक्षण में सात आयामों के आधार पर प्रश्नों का र्निमाण किया गया है। जिनका उद्देश्य सात अलग–अलग आयामों के आधार पर विद्यार्थियों के राष्ट्रीयता की भावना को मापना है।

## परिसोमा

- प्रस्तुत शोध कार्य के लिए रायपुर एवं महासमुंद जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र को चुना जायेगा।
- न्यादर्श का चयन रायपुर जिला के 1 विकासखण्ड (धरसीवा) एवं महासमुंद जिला के 1 विकासखण्ड (बसना) का चयन किया जायेगा।
- अध्ययन के लिए रायपुर एवं महासमुंद जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत 13 से 17 वर्ष के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा।
- प्रस्तुत अध्ययन में स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना का अध्ययन किया जायेगा।
- प्रस्तुत अध्ययन के लिए 200 स्काउट्स एवं गाइड्स था 200 गैर स्काउट्स एवं गाइड्स क विद्यार्थियों को लिया जायेगा
- प्रस्तुत अध्ययन के लिए शासकीय विद्यालयों (छत्तीसगढ बोर्ड) के विद्यार्थियों को लिया जायेगा।

**सांख्यिकीय विश्लेषणः–** शोध कार्य में प्राप्त आकडों एवं परिकल्पना की जांच हेतु टी मूल्य का प्रयोग किया गया है।

**परिकल्पना की पुष्टिः–** स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

इस परिकल्पना की पुष्टि के लिये स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना की तुलना क्षेत्र एवं लिंग के आधार पर की गयी है जिसके लिये स्वतंत्र नमूना टी परीक्षण के सूत्र का उपयोग किया है

## व्याख्या, विवेचना एवं निष्कर्ष

**$H_{0d1}$** स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

इस परिकल्पना की पुष्टि के लिये स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना की तुलना की गयी है जिसके लिये स्वतंत्र नमूना टी परीक्षण के सूत्र का उपयोग किया है तथा सांख्यिकीय मान तालिका 1 में दिये गये हैं ।

तालिका क्रमांक 1


स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के
विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना की तुलना

| समूह | राष्ट्रीय भावना | | 't' | Level of Significance |
|---|---|---|---|---|
| | माध्य | प्रामाणिक विचलन | | |
| स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थी (N=200) | 173.57 | 18.83 | 7.24 | p<0.01 |
| गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थी (N=200) | 160.58 | 16.97 | | |

$t_{(df=398)} = 1.96$ at $p<0.05$ and $2.58$ at $p<0.01$ (two tailed)

आरेख क्रमांक 1.1

स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के
विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक स्तंभ आरेख




तालिका 1.1 के अनुसार स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 173.57 एवं प्रामाणिक विचलन 18.83 है जबकि गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 160.58 तथा प्रामाणिक विचलन 16.97 है । गणना से प्राप्त टी मान 7.24 है जो कि सांख्यिकीय रूप से 0.01 के सार्थक स्तर पर सिद्ध है । अतः परिणामों के अनुसार स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना, गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायो गयी जिससे परिकल्पना स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा, अस्वीकृत की जाती है ।

**$H_{0d2}$** शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

इस परिकल्पना की पुष्टि के लिये शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना की तुलना की गयी है जिसके लिये स्वतंत्र नमूना टी परीक्षण के सूत्र का उपयोग किया है तथा सांख्यिकीय मान तालिका 2 में दिये गये हैं ।

तालिका क्रमांक 2


शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना की तुलना

| समूह | राष्ट्रीय भावना | | 't' | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| | Mean | S.D. | | |
| शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थी (N=100) | 174.38 | 19.19 | 4.35 | p<0.01 |
| शहरी क्षेत्र के गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थी (N=100) | 163.09 | 17.46 | | |

$t_{(df=198)} = 1.97$ at $p<0.05$ and 2.60 at $p<0.01$ (two tailed)

आरेख क्रमांक 2.1

शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक स्तंभ आरेख




तालिका 2.1 के अनुसार शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 174.38 एवं प्रामाणिक विचलन 19.19 है । शहरी क्षेत्र के गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 163.09 तथा प्रामाणिक विचलन 17.46 है । गणना से प्राप्त टी मान 4.35 है जो कि सांख्यिकीय रूप से 0.01 के सार्थक स्तर पर सिद्ध है । अतः परिणामों के अनुसार शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना, शहरी क्षेत्र के गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायी गयी जिससे परिकल्पना शहरी क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा, अस्वीकृत की जाती है ।

**$H_{0d3}$** ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

**तालिका क्रमांक 3**


**ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना की तुलना**

| समूह | राष्ट्रीय भावना | | 't' | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| | Mean | S.D. | | |
| ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थी (N=100) | 172.76 | 18.52 | 5.97 | p<0.01 |
| ग्रामीण क्षेत्र के गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थी (N=100) | 158.08 | 16.16 | | |

$t_{(df=198)}$ = 1.97 at p<0.05 and 2.60 at p<0.01 (two tailed)

**आरेख क्रमांक 3.1**

**ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक स्तंभ आरेख**




तालिका 3.1 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 172.76 एवं प्रामाणिक विचलन 18.52 है । ग्रामीण क्षेत्र के गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 158.08 तथा प्रामाणिक विचलन 16.16 है । गणना से प्राप्त टी मान 5.97 है जो कि सांख्यिकीय रूप से 0.01 के सार्थक स्तर पर सिद्ध है । अतः परिणामों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना, ग्रामीण क्षेत्र के गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायी गयी जिससे परिकल्पना ग्रामीण क्षेत्र के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय भावना में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा, अस्वीकृत की जाती है ।

**$H_{0d4}$** स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों के बीच राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

परिणाम तालिका 4 में दिये गये हैं ।

**तालिका क्रमांक 4**


**स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों में राष्ट्रीय भावना की तुलना**

| समूह | राष्ट्रीय भावना | | 't' | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| | Mean | S.D. | | |
| स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्र (N=100) | 174.76 | 18.76 | 5.51 | p<0.01 |
| गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्र (N=100) | 160.61 | 17.48 | | |

$t_{(df=198)}$ = 1.97 at $p<0.05$ and 2.60 at $p<0.01$ (two tailed)

**आरेख क्रमांक 4.1**

**स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों में राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक स्तंभ आरेख**




तालिका 4.1 के अनुसार स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 174.76 एवं प्रामाणिक विचलन 18.76 है । गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 160.61 तथा प्रामाणिक विचलन 17.48 है । गणना से प्राप्त टी मान 5.51 है जो कि सांख्यिकीय रूप से 0. 01 के सार्थक स्तर पर सिद्ध है । अतः परिणामों के अनुसार स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों में राष्ट्रीय भावना, गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायी गयी जिससे परिकल्पना स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्रों की राष्ट्रीय भावना मेंसार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा, अस्वीकृत की जाती है ।

**$H_{0d5}$** स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं के बीच राष्ट्रीय भावना में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा ।

परिणाम तालिका 5 में दिये गये हैं ।

तालिका क्रमांक 5


स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं में राष्ट्रीय भावना की तुलना

| समूह | राष्ट्रीय भावना | | 't' | सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| | Mean | S.D. | | |
| स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राएँ (N=100) | 172.38 | 18.91 | 4.70 | p<0.01 |
| गैर स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राएँ (N=100) | 160.56 | 16.52 | | |

$t_{(df=198)}$ = 1.97 at p<0.05 and 2.60 at p<0.01 (two tailed)

आरेख क्रमांक 5.1

स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स छात्राओं में राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक स्तंभ आरेख




तालिका 5.1 के अनुसार स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 172.38 एवं प्रामाणिक विचलन 18.91 है । गैर स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं के समूह में राष्ट्रीय भावना पर माध्य 160.56 तथा प्रामाणिक विचलन 16.52 है । गणना से प्राप्त टी मान 4.70 है जो कि सांख्यिकीय रूप से 0.01 के सार्थक स्तर पर सिद्ध है । अतः परिणामों के अनुसार स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं मं राष्ट्रीय भावना, गैर स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायी गयी जिससे परिकल्पना स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर–स्काउट्स एवं गाइड्स की छात्राओं की राष्ट्रीय भावना में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा, अस्वीकृत की जाती है ।

## निष्कर्ष

अध्ययन में स्काउट्स एवं गाइड्स तथा गैर स्काउट्स एवं गाइड्स विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। अतः परिणामों के अनुसार स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना, गैर स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायी गयी । पॉलसन एवं अन्य (2013) के अध्ययन के अनुसार सामाजिक कैपिटल के विकास और सामुदायिक भावना के प्रति जागरूकता पैदा करने में स्काउटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है । शोध निष्कर्षों में यह कहा गया कि स्काउटिंग में भाग लेने के बाद सहपाठियों के बीच विवाद में 65 तक कमी आयी जो इस बात का द्योतक है कि स्काउटिंग गतिविधियाँ एक स्वस्थ प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण करती हैं । लॉटन स्टीफन बी(1993) ने विश्व शांति और राष्ट्रीय एकता पर अध्ययन किया। अध्ययन में पाया कि युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना अधिक पायी जाती है । मिसलिया एवं मांडा(2016) ने भी पाया कि स्काउट गतिविधियों का राष्ट्रीय भावना के अंतर्गत चरित्र निर्माण ,स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों में उच्च पायी गयी। स्काउटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों में बौध्दिक, संवेगात्मक, सामाजिक परिपक्वता, व्यक्ति‍त्व विकास, आत्म सम्प्रत्यय, आध्यात्मिक, एक अच्छे चरित्र का विकास एवं राष्ट्रीय भावना का विकास किया जा सकता है। स्काउटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत होगी, जिससे हमारा समाज राष्ट्र उन्नति की ओर अग्रसर होगा।

## सन्दर्भ –


- प्राक्टर,टी.(2009). स्काउट्स गाइड्स के विद्यार्थियों के आत्म सम्प्रत्यय तथा सामाजिक नियमों का अध्ययन, इन एण्ड. ब्लॉक एवं टी. प्राक्टर, (ई.डी.एस.), *स्काउटिंग कैम्ब्रिज स्कॉलर्स पब्लिशिंग.*
- मिसलिया, एवं मांडा.(2016). स्काउट गतिविधियों का चरित्र निर्माण में भूमिका का स्काउट्स से जुडे विभिन्न कौशलों का अध्ययन, *इंटरनेशनल एजुकेशनल स्टडीज,* 1(6),130–138.
- लॉटन स्टीफन,बी.(1993).इथनोकल्चर डायवरसीटी एंड युनिटी. कम्पलीमेंटस फॉर अपोजिटस. एजूकेशन कनाड.33(3)30–77.
- सिंह,एल.(2018).स्काउट्स गाइड्स के कैडेड्स एंव सामान्य विद्यार्थियों में सामुदायिक कार्य एवं सामाजिक दायित्व की भावना के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन,(पी.एच.डी. शोध प्रबंध),उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय,गाँधी विद्या मंदिर, सरदार शहर,(राजस्थान). http://hdl.handle.net/10603/219937
- गुरूराज,(2023).माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के बीच नेतृत्व कौशल तथा सामाजिक क्षमता विकसित करने पर स्काउटिंग एवं गाइडिंग कार्यकमों का प्रभाव पर अध्ययन,(पी.एच.डी शोध प्रबंध),सी.एम.आर. विश्वविद्यालय,(बेंगलुरू). http://hdl.handle.net/10603/583798
- श्रीवास्तव,निशा.(2014).महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के राष्ट्रीय एकता पर नेतृत्व क्षमता एंव मूल्य के प्रभाव का अध्ययन दुर्ग जिले के संदर्भ में.(पी.एच.डी शोध प्रबंध),शिक्षा विभाग,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,(छ.ग.). http://hdl.handle.net/10603/98215.
- सक्सेना, एन.आर. स्वरूप.(2010) शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय सिद्धान्त, आर. लाल बुक डिपो। पृ.सं. 925–930
- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स,(2023)स्काउटिंग और गाइड़िग एक परिचय (11 वॉ संस्करण). राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली
- सती, जी. डी.(2019). प्रगति पथ. : भारत स्काउट्स एवं गाइड्स( द्वितीय संस्करण).राष्ट्रीय मुख्यालय, लक्ष्मी मजूमदार भवन. नई दिल्ली. अवस्थी,ए,(2013), छत्तीसगढ़ स्काउट्स एवं गाइड्स. पृ.सं.1–2

- अवस्थी,ए,(2013), छत्तीसगढ़ स्काउट्स एवं गाइड्स. पृ.सं.5–11
- साहू,एल.डी.(2016), भारत स्काउट्स एवं गाइड्स,स्काउट– गाइड समग्र.जिला– बालोद पृ.सं.7.
- Polson, E., Kim, Y., Jang, S., Johnson, B., & Smith, B. (2013). Being prepared and staying connected: Scouting's influence on social capital and community involvement. Social Science Quarterly, 94(3), 758-776. https://doi.org/10.1111/ssqu.12002